Adda247
GET IT ON Google Play

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग राजकीय इंटर कॉलेज (GIC) परीक्षा, 2021

## सामान्य अध्ययन

### व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 19.09.2021)

**1. The Harappan site 'Banawali' is situated on which river ?**
**हड़प्पीय पुरास्थल 'बनावली' किस नदी पर स्थित है ?**

(a) Chautang/चौतांग
(b) Ghaggar/घग्गर
(c) Satluj/सतलुज
(d) Rangoi/रंगोई

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** हड़प्पीय पुरास्थल बनावली हरियाणा के हिसार जिले में **रंगोई** नदी पर स्थित है जिसका उत्खनन 1974 में रवीन्द्र सिंह बिष्ट ने कराया था। घग्घर नदी पर कालीबंगा, राखीगढ़ी, सतलज नदी पर रोपड़ पुरास्थल स्थित है जबकि चौतांग नदी हरियाणा राज्य में एक मौसमी नदी है जो यमुना की सहायक नदी है।

**2. Which Mauryan king has been unentioned by Banabhatta in Harshacharita**
**बाणभट्ट ने हर्षचरित में किस मौर्यकालीन शासक का उल्लेख किया है ?**

(a) Shalishuka/शालिशुक
(b) Brihadrtha/बृहद्रथ
(c) Kunal/कुणाल
(d) Indrapalit/इन्द्रपालित

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** बाणभट्ट पुष्पभूति वंश के राजा हर्ष के दरबारी कवि थे जिसने अपनी रचना हर्षचरित में अंतिम मौर्य शासक बृहद्रथ को प्रज्ञादुर्बल/बुद्धिहीन शासक कहा है। इनकी अन्य पुस्तकें कादम्बरी, मुकुताडितक, चण्डीशतक है। **कावेल** एवं **थामस** ने हर्षचरित का अंग्रेजी में अनुवाद किया है। राजानक शंकरकंठ, रंगनाथ, रूचक तथा शंकर हर्षचरित के टीकाकार थे।

**3. Which of the following Delhi Sultan had stopped giving inhuman punishment ?**
**निम्नलिखित मे से दिल्ली के किस सुल्तान ने अमानवीय दंड देना बंद कर दिया था ?**

(a) Razia Sultan/रजिया सुल्तान
(b) Nasiruddin Mahmud Shah/नासिरुद्दीन महमूदशाह
(c) Firoz Shah Tughalaq/फिरोजशाह तुगलक
(d) Bholt Lodi/बहलोल लोदी

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** फिरोजशाह तुगलक के शासन काल को 'ग्रामीण समृद्धि एवं खुशहाली' का काल माना जाता है, उसने अपने कई मानवतावादी कदम उठाया। उसने चोरी आदि के संदर्भ में हाथ-पैर-नाक काट लेने संबन्धी अमानवीय दंड बंद करा दिया। बरनी के अनुसार, ''फिरोज ने सियासत (मृत्युदंड) पर निषेध कर दिया जो उसके शासन में स्थिरता लाने का सबसे बड़ा कारण था।'' उसने घोषणा की - ''बिना किसी उचित कारण के किसी भी मुसलमान का रक्त नही बहाया जायेगा।'' फिरोज के अनुसार, ''राज्य का काम केवल दंड देना एवं कर वसूलना ही नही है। बल्कि वह एक कल्याणकारी संस्था है।

**4. Which one of the following Mughal King was first one to be the pensioner of the British ?**
**वह कौन सा प्रथम मुगल बादशाह था, जो अंग्रेजों का पेन्शनभोगी बना ?**

(a) Akbar II/अकबर द्वितीय
(b) Shah Alam/शाह आलम द्वितीय
(c) Ahmed Shah/अहमद शाह
(d) Alamgir II/आलमगीर द्वितीय

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** शाहआलम द्वितीय 1772 ई० में मराठों के संरक्षण में दिल्ली पहुंचा तथा 1803 ई० तक उनका संरक्षण स्वीकार किया। गुलाम-कादिर ने 1788 ई० में शाहआलम द्वितीय को अन्धा बना दिया। 1803 ई० में अंग्रेज सेनापति **लेक** ने दौलत राव सिन्धिया को पराजित किया तथा शाहआलम द्वितीय ने अंग्रेजों की अधीनता स्वीकार कर लिया। इस तरह दिल्ली पर अंग्रेजों का अधिकार हो गया तथा मुगल सम्राट अंग्रेजों के पेंशनर बन गए। इस तरह से अंग्रेजों का पहला पेंशनभोगी मुगलबादशाह शाह आलम द्वितीय है।

**5. Who inspired Subhas Chandra Bose to join Indian National Congress ?**
**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में सम्मिलित होने के लिए सुभाषचन्द्र बोस को किसने प्रेरित किया ?**

(a) Jawahar Lal Nehur and Jayaprakash Narayan
जवाहर लाल नेहरू और जयप्रकाश नारायण
(b) Rajendra Prasad and Rajagopalachari
राजेन्द्र प्रसाद और राजगोपालाचारी
(c) Rajagopalachari and M.K. Gandhi
राजगोपालाचारी और एम.के गाँधी
(d) Chittaranjan Das and M.K. Gandhi
चितरंजनदास और एम.के. गाँधी

**उत्तर (d)**

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**व्याख्या :** सुभाषचन्द्र बोस को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में सम्मिलित होने के लिए देशबंधु चितरंजनदास और महात्मा गांधी ने प्रेरित किया था। सुभाष चन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था। सुभाष चंद्र बोस, विवेकानंद की शिक्षाओं से अधिक प्रभावित थे और उन्हें अपना आध्यात्मिक गुरू मानते थे, जबकि चितरंजन दास उनके राजनीतिक गुरू थे।

**6. Who led the Khasi tribal revolt against the Britishers in 1829 ?**
**1829 में अंग्रेजों के विरूद्ध खासी जनजाति विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था ?**

(a) Tirot Singh/तिरोत सिंह
(b) Sidhu and Kanhu/सिद्धू और कान्हू
(c) Karam Shah/करम शाह
(d) Birsa Munda/बिरसा मुंडा

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** 1829 में अंग्रेजों के विरुद्ध खासी जनजाति, विद्रोह का नेतृत्व तीरोत सिंह/तीरथ सिंह ने किया था। मेघालय के जयन्तिया और गारो पहाड़ियों के बीच खासी लोग निवास करते थे। 1824 में ब्रम्हपुत्र नदी घाटी क्षेत्र पर अंग्रेजों का अधिकार हो गया और इस क्षेत्र को सिलहट से जोड़ने के लिए एक सड़क बनाने की योजना बनाई गयी। इसी सड़क के विरोध में तीरथ सिंह ने 1829 ई॰ में अपने 10 हजार साथियों के साथ विद्रोह कर दिया था।

- सिद्धू और कान्हू संथाल विद्रोह (1855-1856 ई॰) से सम्बन्धित है।
- करमशाह, पागलपंथी विद्रोह (1813-1831 ई॰) से सम्बन्धित है जबकि इसके प्रमुख नेता टीपू मीर थे।
- बिरसा मुण्डा, मुण्डा विद्रोह या उलगुलान विद्रोह (1895-1900 ई॰) से सम्बन्धित है।

**7. Which one of the following Harappan sites is not situated in Uttar Pradesh ?**
**निम्नलिखित में से कौन हड़प्पीय पुरास्थल उत्तर प्रदेश में स्थित नहीं है ?**

(a) Hulas/हुलास
(b) Desalpur/देसलपुर
(c) Alamgirpur/आलमगीरपुर
(d) Mandi/माण्डी

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** उत्तर प्रदेश में स्थित हड़प्पीय पुरास्थल आलमगीर (मेरठ में स्थित सैन्धव सभ्यता का सबसे पूर्वी स्थल है), बड़गाँव एवं हुलास (सहारनपुर) माण्डी (मुजफ्फर नगर) है जबकि देसलपुर, गुजरात के कच्छ के रन में स्थित सैन्धव स्थल है।

**8. Who was the ruler of Kannauj at the time of Mahmud Ghaznavi's invasion ?**
**कन्नौज पर महमूद गजनवी के आक्रमण के समय वहाँ का शासक कौन था ?**

(a) Rajyapala/राज्यपाल
(b) Anandpal/आनंदपाल
(c) Vidyadhara/विद्याधर
(d) Trilochanpala/त्रिलोचनपाल

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** कन्नौज पर महमूद गजनवी (1018 ई॰) में आक्रमण के समय गुर्जर-प्रतिहार वंश का शासक राज्यपाल था जो आक्रमण के भय से कन्नौज छोड़कर बारी (बाड़ी) दुर्ग में जाकर छिप गया। उसकी इसी कायरता की वजह से चन्देल शासक विद्याधर ने राज्यपाल को पराजित कर समाप्त कर दिया। यशपाल अंतिम गुर्जर-प्रतिहार शासक था।

**9. Which district of Uttar Pradesh was called 'Shiraz-e-Hind' due to educational centre in medieval period ?**
**मध्यकाल में उत्तरप्रदेश के किस जनपद को शिक्षा का केन्द्र होने के कारण 'शिराज - ए - हिन्द' कहा जाता था ?**

(a) Saharanpur/सहारनपुर
(b) Shahjahanpur/शाहजहाँपुर
(c) Jaunpur/जौनपुर
(d) Lucknow/लखनऊ

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** मध्यकाल में जौनपुर शिक्षा का एक प्रसिद्ध केन्द्र होने के कारण उसे **सिराज-ए-हिंद** कहा जाता था। शेरशाह सूरी एवं मलिक मुहम्मद जायसी ने जौनपुर में ही शिक्षा प्राप्त की थी। **बीबी राजा बेगम** का मदरसा जौनपुर की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था थी जिसका निर्माण शर्की शासक महमूदशाह की पत्नी बीबी राजा ने करवाया था।

**10. Which one of the following temples of Gupta period is situated in Uttar Pradesh ?**
**निम्नलिखित गुप्त कालीन मंदिरों में कौन सा उत्तरप्रदेश में अवस्थित है ?**

(a) The temple of Nachna Kuthara
नचना कुठार का मंदिर
(b) The Vishnu temple of Tigawa
तिगवा का विष्णु मंदिर
(c) The Shiva temple of Bhumara
भूमरा का शिव मंदिर
(d) The Dashavatara temple of Devgarh
देवगढ़ का दशावतार मंदिर

**उत्तर (d)**

Adda247 GET IT ON Google Play

**व्याख्या :** देवगढ़ का दशावतार मंदिर उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में बेतवा (वेत्रवती) नदी के तट पर स्थित है जबकि नचना कुठार का मंदिर, तिगवा का विष्णु मंदिर और भूमरा का शिव मंदिर मध्य प्रदेश में स्थित है।

**11. How many banks were fined by R.B.I. for contravention of norms in the month of July 2021 ?**
**आर.बी.आई. द्वारा कितने बैंकों पर जुलाई 2021 में नियमों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया ?**

(a) 14 (b) 16
(c) 18 (d) 20

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** 7 जुलाई, 2021 को भारतीय रिज़र्व बैंक ने विभिन्न नियमों के उल्लंघन के चलते 14 बैंक जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी बैंक, विदेशी बैंक, सहकारी बैंक और एक लघु वित्त बैंक पर 14.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिज़र्व बैंक ने इन बैंकों पर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) को बैंक वित्त और 'ऋण-अग्रिम और अन्य प्रतिबंधों के कुछ प्रावधानों का अनुपालन न करने की वजह से जुर्माना लगाया है।

**12. Who is Chairperson of GST Council ?**
**जी.एस.टी. परिषद् का अध्यक्ष कौन है ?**

(a) Prime Minister/प्रधानमंत्री
(b) Union Finance Minister/केन्द्रीय वित्त मंत्री
(c) Deputy Chairman Niti Ayog
नीति आयोग का उपाध्यक्ष
(d) Vice President/उपराष्ट्रपति

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** जी.एस.टी. परिषद का अध्यक्ष केंद्रीय वित्त मंत्री होता है। 101वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान के अनुच्छेद 279A(1) में GST परिषद का प्रावधान किया गया है यह वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित मुद्दों पर केन्द्र और राज्य सरकार को सिफारिश करने के लिए एक संवैधानिक निकाय है।

- जी.एस.टी. परिषद के सदस्य सभी 28 राज्यों एवं तीन संघशासित क्षेत्रों (दिल्ली, पुदुचेरी और जम्मू-कश्मीर) के वित्त मंत्री या राज्य सरकार द्वारा निर्वाचित कोई अन्य मंत्री अर्थात कुल 31 सदस्य होते हैं।
- 17 सितम्बर, 2021 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जी.एस.टी. परिषद की 45वीं बैठक हुयीं।

**13. The Inequality Virus-Global Report (2021) was published by -**
**असमानता वायरस - वैश्विक रिपोर्ट (2021) प्रकाशित की गई -**

(a) Oxfam/ऑक्सफैम के द्वारा
(b) World Bank/विश्व बैंक के द्वारा
(c) International Monetary Fund
अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा
(d) United Nations Organization
संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** असमानता वायरस-वैश्विक रिपोर्ट (2021) ऑक्सफैम इंटरनेशनल द्वारा जारी किया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि कोविड-19 महामारी ने भारत और दुनिया भर में मौजूदा असमानताओं में अत्यधिक वृद्धि की है।

- रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में लॉकडाउन के दौरान 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि वर्ष 2009 के बाद पहली बार 90 प्रतिशत वृद्धि के साथ 422.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गई है। इससे भारत अरबपतियों की संपत्ति के मामले में अमेरिका, चीन, जर्मनी, रूस और फ्रांस के बाद विश्व में छठे स्थान पर आ गया है।

**14. 'Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana' was introduced in the year -**
**'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' शुरू की गयी थी -**

(a) 2014 में (b) 2015 में
(c) 2016 में (d) 2017 में

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** 'प्रधानमंत्री फसल बीमा' की शुरुआत 13 जनवरी, 2016 में हुआ था। इस योजना की शुरुआत देश में किसानों को न्यूनतम और एक समान बीमा-किस्त पर एक व्यापक जोखिम समाधान प्रदान करने के लिए की गई थी। योजना के तहत किसानों द्वारा दी जाने वाली निर्धारित बीमा किस्त/प्रीमियम खरीफ की सभी फसलों के लिए 2% और सभी रबी फसलों के लिए 1.5% है। वार्षिक वाणिज्यिक तथा बागवानी फसलों के मामलों में बीमा किस्त 5% है।

- जनवरी, 2021 में इस योजना के 5 वर्ष पूरे हुये। वर्तमान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2.0 कार्यान्वित की जा रही है।

**15. Which of the following is not a component of 'Bharat Nirman Yojana' ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा एक 'भारत निर्माण योजना' का संघटक नहीं है ?**

(a) Rural Roads/ग्रामीण सड़कें
(b) Rural Electrification/ग्रामीण विद्युतीकरण
(c) Rural Industries/ग्रामीण उद्योग
(d) Rural Drinking Water Supply
ग्रामीण पेयजल आपूर्ति

**उत्तर (c)**

Adda247 | GET IT ON Google Play

व्याख्या : 16 दिसंबर, 2005 को 'गांव की ओर एक कदम' की नीति को स्वीकार करते हुए केन्द्र सरकार ने 'भारत निर्माण योजना' की शुरुआत की। इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास करना है। यह योजना मुख्यतः 6 क्षेत्रों पर केंद्रित है-

1. सिंचाई को सुनिश्चित करना
2. सभी गांवों को सड़कों से जोड़ना
3. सभी को आवास उपलब्ध कराना
4. गांवों में पीने की पानी को सुनिश्चित करना
5. गांवों में बिजली की आपूर्ति
6. ग्रामीण संचार

- इस योजना को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है।
- अतः स्पष्ट है कि 'भारत निर्माण योजना' में ग्रामीण उद्योग शामिल नही है।

**16. The Union Budget proposed for 2021-22 rests on 6 pillars. Which among the following is not included ?**
**वर्ष 2021-22 के संघीय बजट प्रस्ताव 6 स्तम्भों पर आधारित है। निम्नलिखित में से कौन सा एक उसमें सम्मिलित नहीं है ?**

(a) Reinvigorating Human Capital
मानव पूँजी में नवजीवन का संचार
(b) Strengthening Village Economy
गाँवों की अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण
(c) Innovation and R & D
नवप्रवर्तन एवं अनुसंधान व विकास
(d) Health and Well-being/स्वास्थ्य एवं कल्याण

**उत्तर (b)**

व्याख्या : आम बजट 2021-22 में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट को 6 स्तम्भों पेश किया है -

1. स्वास्थ्य एवं कल्याण (Health and Well-being)
2. भौतिक-वित्तीय पूंजी और इंफ्रास्ट्रक्चर (Physical and Financial capital and Infra)
3. समावेशी विकास (Inclusive development)
4. मानव पूंजी (Human Capital)
5. नवाचार और अनुसंधान तथा विकास (Innovation and Research of development)
6. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन (Minimum government and Maximum Governance)

- अतः स्पष्ट है कि गांवों की अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण 6 स्तम्भों में शामिल नहीं हैं।
  वर्तमान बजट 2022-23 में वित्त मंत्री ने निम्न लक्ष्य निर्धारित की- 'अमृत काल में प्रवेश करते हुए, भारत के लिए 25 साल का लम्बा लक्ष्य @ 100 के तहत बजट चार प्राथमिकताओं के साथ विकास को गति प्रदान करता है।

बजट की चार प्राथमिकताएँ

(1) पीएम गतिशक्ति
(2) समावेशी विकास
(3) उत्पादकता वृद्धि और निवेश, सनराइज अवसर ऊर्जा संक्रमण और जलवायु कार्यवाही।
(4) निवेश का वित्त पोषण।

**17. 'Mutual Funds' are regulated in India by which of the following institutions ?**
**भारत में 'म्यूचुअल फंड' को निम्नलिखित में से किस संस्था के द्वारा विनियमित किया जाता है ?**

(a) RBI/आर.बी.आई.
(b) SEBI/(सेबी. एस.ई.बी.आई.)
(c) BSE/बी.एस.ई.
(d) NSE/एन.एस.ई.

**उत्तर (b)**

व्याख्या : भारत में 'म्यूचुअल फंड' को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India-SEBI), द्वारा विनियमित किया जाता है। सेबी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के तहत 12 अप्रैल, 1992 को स्थापित एवं वैधानिक निकाय (Statutory Body) है।

- सेबी उद्यम पूंजी कोषों और म्यूचुअल फंड सहित सामूहिक निवेश योजनाओं के कामकाज के पंजीकरण तथा विनियमन का कार्य करता है।

**18. Which of the following committee was constituted for suggesting improvement in customer services for banks ?**
**बैंकों में उपभोक्ता सेवाओं में सुधार का सुझाव देने के लिए निम्नलिखित में से किस समिति का गठन किया गया था ?**

(a) Raja Chelliah Committee/राजा चेलैया समिति
(b) Verma Committee/वर्मा समिति
(c) Goiporia Committee/गोइपोरिया समिति
(d) Chakravarty Committee/चक्रवर्ती समिति

**उत्तर (c)**

व्याख्या : बैंकों में उपभोक्ता सेवाओं में सुधार का सुझाव देने के लिए गोइपोरिया समिति का गठन किया गया था।

- राजा चलैया समिति – कर सुधार
- वर्मा समिति – यौन उत्पीड़न कानून में बदलाव
- चक्रवर्ती समिति – मौद्रिक प्रणाली पर पुनर्विचार

**19. What is the percentage of Uttar Pradesh in total geographical area of India ?**
**भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में उत्तरप्रदेश का कितना भौगोलिक प्रतिशत है ?**
(a) 7.33% (b) 8.99%
(c) 9.02% (d) 10.04%
**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में उत्तर प्रदेश 7.33 प्रतिशत (240928 वर्ग किमी) है। उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है।

**20. Which city in Uttar Pradehs is on the top ranking in terms of state GDP and per capita income on March, 2020 ?**
**उत्तरप्रदेश का कौन सा शहर मार्च, 2020 को राज्य के जी.डी.पी. और प्रति व्यक्ति आय के मामले में शीर्ष स्थान पर है ?**
(a) Meerut/मेरठ
(b) Noida/नोएडा
(c) Lucknow/लखनऊ
(d) Kanpur/कानपुर
**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** उत्तर प्रदेश की इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिकल डिविजन द्वारा जारी 'उत्तर प्रदेश स्टैटिस्टिकल रिपोर्ट- 2020' के अनुसार, मार्च 2020 में राज्य के जी.डी.पी. एवं प्रति व्यक्ति आय के मामले में नोयडा (गौतमबुद्धनगर) शीर्ष स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में तीन साल में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय वाले पांच जिलों में 4 पश्चिमी उत्तर प्रदेश के है। मेरठ जिले की प्रति व्यक्ति आय राजधानी लखनऊ से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे पिछड़े 5 जिले पूर्वांचल के हैं क्षेत्रीय असमानता की खाई इतनी गहरी है कि बलिया के मुकाबले गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) की प्रति व्यक्ति आय करीब 20 गुना अधिक है।

**जी.डी.पी. में योगदान :- (एट करेंट प्राइस 2018-19)**

| **शीर्ष 5 जिले** | **निम्न 5 जिले** |
|---|---|
| 1. नोएडा | 1- बलरामपुर |
| 2. मेरठ | 2- बहराइच |
| 3. आगरा | 3- जौनपुर |
| 4. लखनऊ | 4- प्रतापगढ़ |
| 5. एटा | 5- बलिया |

**21. Which of the following is not a major industry in Uttar Pradesh?**
**निम्नलिखित में से कौन सा उत्तरप्रदेश का प्रमुख उद्योग नहीं है ?**
(a) Cement/सीमेंट
(b) Sugar/चीनी
(c) Textile/कपड़ा
(d) Automobile/ऑटोमोबाइल
**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** ऑटोमोबाइल उत्तर प्रदेश का प्रमुख उद्योग नहीं है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख उद्योग निम्नलिखित है।

- सीमेंट उद्योग – कजरहाट व चुनार (मिर्जापुर), चुर्क (सोनभद्र), रायबरेली, गौरीगंज और जगदीशपुर (अमेठी), कासगंज, झांसी, टांडा (अम्बेडकर नगर)
- चीनी उद्योग – मेरठ, सहारनपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, कानपुर, वाराणसी, पीलीभीत आदि।
- कपड़ा उद्योग – कानपुर, मेरठ (होजरी वस्त्र उद्योग)
  – कानपुर, मेरठ, टांडा, मगहर, देवबंद, धामपुर, सिकंदराबाद, गोरखपुर, मऊ (सूती वस्त्र)

**22. Which one of the following is a folk dance of Uttar Pradesh ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा एक उत्तर प्रदेश का लोकनृत्य है ?**
(a) Shigmo/शिग्मो
(b) Ghode/घोड़े
(c) Modni/मोडनी
(d) Jaita/जैता
**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** जैता उत्तर प्रदेश का लोकनृत्य है। जबकि शिग्मों, घोड़े और मोडनी महाराष्ट्र के लोकनृत्य हैं। ये लोकनृत्य मराठा लड़ाकों के सम्मान में दशहरा के अवसर पर मनाया जाता है। जबकि शिग्मों, घोड़े मोडनी गोवा का उत्सव है।

**23. Who was the Chairman of the Twelfth Finance Commission ?**
**बारहवें वित्त आयोग का अध्यक्ष कौन था ?**
(a) K.C. Pant/के.सी. पन्त
(b) C. Rangarajan/सी. रंगराजन
(c) Rajamannar/राजमन्नार
(d) Santhanam/संथानम
**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** 12वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ॰ सी. रंगराजन (2005-2010) थे। के. सी. पन्त दसवाँ (1995-2000) और के॰ संथानम दूसरे (1957-62) वित्त आयोग के अध्यक्ष है। जबकि राजमन्नार समिति का गठन 1970 में केन्द्र व राज्यों के बीच विवादों को सुलझाने के लिए किया गया था। वर्तमान 15वें वित्त आयोग (2021-2026) के अध्यक्ष एन. के. सिंह है।

**24. Which one of the following pairs is not correctly matched?**
**निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है?**

Adda247 GET IT ON Google Play

| | State/राज्य | Number of seats in Rajya Sabha/राज्य सभा में सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| (a) | Assam/असम | 08 |
| (b) | Chhattisgarh/छत्तीसगढ़ | 05 |
| (c) | Himanchal Pradesh /हिमाचल प्रदेश | 03 |
| (d) | Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश | 31 |

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** सही सुमेलित है –

| राज्य | | राज्य सभा में सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| असम | – | 07 |
| छत्तीसगढ़ | – | 05 |
| हिमाचल प्रदेश | – | 03 |
| उत्तर प्रदेश | – | 31 |

**25. Which of the following article of Directive Principles of State Policy directs the state to insure participation of workers in management of industries ?**
**निम्नलिखित में से राज्य के नीति निदेशक तत्वों का कौनसा अनुच्छेद राज्य को निर्देशित करता है कि वे उद्योगों के प्रबंधन में कामगारों की सहभागिता सुनिश्चित करें ?**

(a) 43A (b) 39A
(c) 38 (d) 45

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** भारतीय संविधान के भाग 4 में राज्य के नीति निदेशक तत्वों का प्रावधान है। अनुच्छेद 43A राज्य को निर्देशित करता है कि वह उद्योगों के प्रबंधन में कामगारों की सहभागिता को सुनिश्चित करे। इस अनुच्छेद को संविधान में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा शामिल किया गया है।

- अनुच्छेद 38 : राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाएगा।
- अनुच्छेद 39 (A) :समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता।
- अनुच्छेद 45 : छः वर्ष से कम आयु के बच्चों की बाल्यावस्था की देखरेख एवं शिक्षा के लिए प्रावधान करता है।

**26. Who long Legislative Council in Uttar Pradesh can detain a finance bill ?**
**उत्तरप्रदेश में विधान परिषद् वित्त विधेयक को कितने दिन विलम्बित कर सकती है ?**

(a) 1 month/माह तक (b) 14 days/दिन तक
(c) 15 days/दिन तक (d) 20 days/दिन तक

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** अनुच्छेद 198 के अनुसार धन विधेयक को सिर्फ विधान सभा में पुरःस्थापित किया जा सकता है। विधान परिषद न ही इसको अस्वीकृत कर सकती है और न ही 14 दिन से अधिक समय तक रोक सकती है। 14 दिनों के पश्चात विधेयक को परिषद से स्वतः ही पारित मान लिया जाएगा।

**27. Under which of the following article of the Indian Constitution, the Advocate General is appointed in Uttar Pradesh ?**
**भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत उत्तरप्रदेश में महाधिवक्ता की नियुक्ति होती है?**

(a) Article/अनुच्छेद 165 (b) Article/अनुच्छेद 166
(c) Article/अनुच्छेद 167 (d) Article/अनुच्छेद 168

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 165 के तहत उत्तर प्रदेश का राज्यपाल, उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए अर्हित किसी व्यक्ति को राज्य का महाधिवक्ता नियुक्ति करता है।

- महाधिवक्ता, राज्यपाल के प्रसादपर्यन्त पद धारण करेगा और ऐसा पारिश्रमिक प्राप्त करेगा जो राज्यपाल अवधारित करे।
- महाधिवक्ता राज्य की विधान सभा या विधान परिषद अथवा दोनों में सदनों की कार्यवाही में भाग ले सकता है परन्तु वह मत देने का अधिकारी नहीं है।
- **अनुच्छेद 166** : राज्य की सरकार के कार्य के संचालन का प्रावधान है।
- **अनुच्छेद 167**: राज्यपाल को जानकारी देने आदि के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री के कर्त्तव्य।
- **अनुच्छेद 168**: राज्य के एक विधानमण्डल का प्रावधान है। यह विधानमंडल, राज्यपाल तथा एक या दोनों सदनों से मिलकर बनता है।

**28. 'Fundamental Duties' have been added in the Constitution of India by 42nd Amendment Act, 1976 in accordance with the recommendation of-**
**'मौलिक कर्त्तव्यों' को भारतीय संविधान में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा निम्नलिखित की सिफारिशों के अनुसार जोड़ा गया है-**

(a) Santhanam Committee/संथानम समिति
(b) Sarkaria Committee/सरकारिया समिति
(c) Swarn Singh Committee/स्वर्ण सिंह समिति
(d) Indira Gandhi-Nehru Committee
इंदिरा गांधी-नेहरू समिति

**उत्तर (c)**

Adda247 GET IT ON Google Play

**व्याख्या :** पूर्व सोवियत संघ के संविधान से प्रेरित होकर भारतीय संविधान में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा भाग 4क के अंतर्गत अनुच्छेद 51(क) को शामिल किया गया। सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर इसे भारतीय संविधान में शामिल किया गया। कुल 11 कर्त्तव्यों को शामिल किया गया है।

**29. Which one of the following pairs is not correctly matched ?**
**निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है ?**

| | Thermal Power Station/ताप गृह | State/राज्य |
|---|---|---|
| (a) | Barh/बाढ़ | Bihar/बिहार |
| (b) | Lara/लारा | Chhattisgarh /छत्तीसगढ़ |
| (c) | Kudgi/कुडगी | Karnataka/कर्नाटक |
| (d) | Gadarwara/गाडरवारा | Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश |

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

**ताप विद्युत गृह** **राज्य**
बाढ़ – बिहार
लारा – छत्तीसगढ़
कुडगी – कर्नाटक
गाडरवारा – मध्य प्रदेश
अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है।

**30. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists -**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए -**

| | List/सूची-I Minerals/खनिज | List/सूची-II Mining Area/ खदान/खान क्षेत्र |
|---|---|---|
| (a) | Iron ..../लौह अयस्क | 1. Waipa/वाइपा |
| (b) | Manganese/मैंगनीज | 2. Sudbury/सडबरी |
| (c) | Copper/ताँबा | 3. Chiatura/चिआतुरा |
| (d) | Bauxite/बॉक्साइट | 4. Itabira/इटाबिरा |

**Code/कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| **सूची-I (खनिज)** | | **सूची-II (खदान/खान क्षेत्र)** |
|---|---|---|
| लौह अयस्क | – | इटाबिरा (ब्राजील) |
| मैंगनीज | – | चिआतुरा (जॉर्जिया) |
| तांबा | – | सडबरी (कनाडा) |
| बॉक्साइड | – | वाइपा (ऑस्ट्रेलिया) |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**31. The equator does not pass through which one the following countries ?**
**निम्नलिखित में किस देश से होकर भूमध्य रेखा नहीं गुजरती है ?**
(a) Kenya/केन्या
(b) Uganda/युगांडा
(c) Gabon/गैबोन
(d) Zambia/जाम्बिया
**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** जाम्बिया से भूमध्य रेखा नही गुजरती है। भूमध्य रेखा कुल 13 देशों से होकर गुजरती है जो इस प्रकार है – इक्वाडोर, कोलम्बिया, ब्राजील, गैबोन, कांगो, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, युगाण्डा, केन्या, सोमालिया, मालदीव, इंडोनेशिया, किरिबाती, साओटोम और प्रिंसिपी।

**32. 'Peacock Conservation Centre' in Uttar Pradesh is located at which of the following places/districts ?**
**उत्तरप्रदेश में 'मयूर संरक्षण केन्द्र' निम्नलिखित में से किस स्थान / जनपद में स्थित है ?**
(a) Mahoba/महोबा
(b) Mathura/मथुरा
(c) Mainpuri/मैनपुरी
(d) Maharajganj/महाराजगंज
**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** उत्तर प्रदेश के मथुरा (वृंदावन) जनपद में 'मयूर संरक्षण केंद्र' स्थित है। मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है। इसका वैज्ञानिक नाम पावो क्रिस्टैटस (Pavo Cristatus) है।

**33. Which of the following Scheduled Tribe in Uttar Pradesh is not found in Varanasi district?**
**निम्नलिखित में से उत्तरप्रदेश की कौनसी अनुसूचित जनजाति वाराणसी जनपद में नहीं पायी जाती है ?**
(a) Gond/गोंड
(b) Kharwar/खरवार
(c) Sahariya/सहरिया
(d) Chero/चेरो
**उत्तर (c)**

Adda247
GET IT ON Google Play

**व्याख्या :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में गोंड, खरवार और चेरों अनुसूचित जनजाति पायी जाती है जबकि सहरिया अनुसूचित जनजाति ललितपुर जिले में पायी जाती है।

**34. The concept of 'Ecosystem' was firstly put forth by -**
**'पारिस्थितिकीय तंत्र' की अवधारणा प्रथम बार दी गई–**

(a) Woodbury/वुडबरी के द्वारा
(b) Clarke/क्लार्क के द्वारा
(c) A.G. Tansley/ए.जी. टान्सले के द्वारा
(d) E.P. Odum/ई.पी. ओडम के द्वारा

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** वर्ष 1935 में 'ए.जी. टान्सले' द्वारा सर्वप्रथम 'पारिस्थितिकी तंत्र' (Ecosystem) की अवधारणा प्रस्तुत की। टांसले के अनुसार, पारिस्थितिक तंत्र भौतिक तंत्रों का एक विशेष प्रकार होता है, जिसकी रचना अजैविक एवं जैविक घटकों से होती है। 'पारिस्थितिकी' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 'अर्नस्ट हैकल' द्वारा दिया गया था।

**35. Which of the following is the salt tolerant cro?**
**निम्नलिखित में से कौन सी फसल लवण सहिष्णु है ?**

(a) Muskmelon/खरबूजा
(b) Pea/मटर
(c) Cowpea/लोबिया
(d) Sugar beet/चुकन्दर

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** प्रश्नानुसार विकल्पों में मात्रा के अनुसार उच्च लवण सहिष्णु फसल चुकन्दर होगी। अन्य लवण सहिष्णु फसलों में जौं, ढैंचा, सनई, उर्द, मूँग, मटर इत्यादि है।

**36. Planting of succeeding crop before the harvest of the standing crop is known as -**
**खड़ी फसल की कटाई करने से पहले अगली फसल की बुआई करना कहलाता है -**

(a) Intercropping/सहफसली खेती
(b) Multiple cropping/बहुफसली खेती
(c) Mixed cropping/मिश्रित खेती
(d) Relay cropping/रिले खेती

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** खड़ी फसल की कटाई करने से पहले अगले फसल की बुआई करना **रिले खेती** कहलाता है।

**37. In which of the following areas coarse grain crops are grown ?**
**निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में मोटे अनाज वाली फसलें उगाई जाती हैं?**

(a) Upland Areas/ऊँचाई वाले (ऊपरी) क्षेत्र
(b) Lowland Areas/निचले क्षेत्र
(c) Waterlogged Areas/जलमग्न क्षेत्र
(d) High Rainfall Areas/उच्च वर्षा वाला क्षेत्र

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** ऊँचाई वाले (ऊपरी) क्षेत्र में मोटे अनाज वाली फसलें उगाई जाती है। मोटे अनाज वाली फसलों के लिए अधिक सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है जैसे-बाजरा, मक्का, ज्वार इत्यादि।


**38. 'Solar Energy' is due to -**
**'सौर ऊर्जा' का कारण है -**

(a) Fusion reaction/संलयन प्रतिक्रिया
(b) Fission reaction/विखण्डन प्रतिक्रिया
(c) Chemical reaction/रासायनिक प्रतिक्रिया
(d) Combustion reaction/दहन प्रतिक्रिया

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** सौर ऊर्जा की उत्पत्ति नाभिकीय संलयन की प्रक्रिया द्वारा होती है। इस नाभिकीय संलयन की प्रक्रिया में हाइड्रोजन के परमाणु मिलकर हीलियम नाभिक में परिवर्तित होते रहते हैं। इस प्रक्रिया में अपार ऊर्जा विमुक्त होती है।

**39. Find out the missing number -**
**विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए -**




(a) 18 (b) 19
(c) 20 (d) 22

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** जिस प्रकार –

$4 \times 3 + 2 = 14$

$9 \times 3 + 2 = 29$

$26 \times 3 + 2 = 80$

उसी प्रकार –

$6 \times 3 + 2 = 20$

अतः $\boxed{? = 20}$

**40. Choose the odd pairs of the words -**
**शब्दों के विषम युग्म को चुनिए -**

(a) Death : Disease/मृत्यु : रोग
(b) Grape : Wine/अंगूर : शराब
(c) Milk : Butter/दूध : मक्खन
(d) Water : Oxygen/पानी : ऑक्सीजन

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** जिस प्रकार अंगूर से शराब, दूध से मक्खन तथा पानी से ऑक्सीजन बनाया जाता है, उसी प्रकार रोग से मृत्यु होती है न कि मृत्यु से रोग होता है।